खेलकूद | पूर्वी जोन अन्तर्जिला पुलिस वार्षिक खेलकूद का समापन, फर्राटा दौड़ आशीष ने जीती

# जबलपुर जिला बना ओवरऑल चैम्पियन



**जबलपुर नवभारत।** 25वीं पूर्वी जोन अन्तर्जिला पुलिस वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन रविवार को सायं 5 बजे पुलिस लाईन स्थित पुलिस परेड ग्राउंड में पुलिस अधीक्षक जबलपुर सम्पत उपाध्याय के मुख्यातिथ्य में सम्पन्न हुआ।

समापन के दौरान पुरूष वर्ग की 1 मीटर दौड़ का फाइनल आयोजन हुआ, जिसमें खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्षन किया। इसमें आरक्षक आशीष यादव जिला छिन्दवाड़ा प्रथम, आरक्षक शेखर सोलंकी जिला मण्डला द्वितीय और आरक्षक आदित्य पारासर जिला ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। किक्रेट प्रातियोगिता में जिला जबलपुर विजेता एवं जिला जिला सतना उप विजेता रहा। ओवरऑल चैम्पियनशिप का खिताब जिला जबलपुर ने जीता।

### 22 इकाईयों के खिलाड़ियों ने लिया भाग

खेलकूद में 22 इकाईयों जिला जबलपुर, कटनी, छिंदवाडा, पाढुर्ना नरसिंहपुर, सिवनी, सिंगरौली, रीवा, सिंगरोली, सीधी, सतना, मैहर, उमरिया, शहडोल, अनूपपुर, मण्डला, बालाघाट, डिण्डौरी रेडियो जबलपुर, जी.आर.पी. जबलपुर, पीटीएस उमरिया, पीटीएस रीवा के खिलाडियों ने भाग लिया।

### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर विभिन्न खेल संगठनों के पदाधिकारी, गणमान्य नागरिक, एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर आयुष जाखड़, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अनु बेनिवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अपराध जितेन्द्र सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जोन-4 अंजना तिवारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सूर्यकांत शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) अखिलेश तिवारी एवं समस्त नगर पुलिस अधीक्षक तथा शहर के थाना प्रभारियों सहित पुलिस परिवार के सदस्य उपस्थित थे।

### हार भी हमें बहुत कुछ सिखाती है : एसपी

अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय ने कहा कि खेल भावना से सभी लोगों को साथ लेकर चलने की सीख मिलती है, जीत हमारा हौसला बढाती है, तो हार भी हमें बहुत कुछ सिखाती है, जो रनर रहे हैं, उन्हे अगले वर्ष विनर कैसे बनना है, सीखना पडेगा, टीम भावना जो पुलिस के लिये नितांत आवश्यक है। खेल से हमें सीखने को मिलता है, टीम भावना से बडे से बडे लॉ एण्ड ऑर्डर पर आसानी से नियंत्रण किया जा सकता है।



# ताइक्वांडो आत्मरक्षा का सशक्त माध्यम है : शर्मा

▸ ग्रीष्मकालीन जिला स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का समापन

**नवभारत,जबलपुर ।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग, जबलपुर ,मानव क्रीड़ा एवं कला एकेडमी, जबलपुर ताइक्वांडो यूनियन एवं क्रीड़ा केन्द्र मदनमहल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित ग्रीष्मकालीन जिला स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का समापन रॉक फोर्ड फाउंडेशन स्कूल, महानद्दा, मदन महल, जबलपुर में संपन्न हुआ।

पूरे दिन चले रोमांचक मुकाबलों में खिलाड़ियों ने शानदार तकनीक, अनुशासन एवं खेल भावना का परिचय देते हुए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सूर्यकांत शर्मा रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में अनंत डिके, प्रकाश विस्फुटे, विवेक रंजन शुक्ला, शिवांगी पचौरी, प्रीति त्रिपाठी, तियाशा जैनिट वार्नर, नीरज दुबे, प्रकाश यादव, आनंद श्रीवास्तव वरिष्ठ सदस्य उपस्थित रहे।

### बालिकाओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण प्राप्त करना चाहिए

मुख्य अतिथि सूर्यकांत शर्मा ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि ताइक्वांडो केवल एक खेल नहीं, बल्कि आत्मविश्वास, अनुशासन, साहस और आत्मरक्षा का सशक्त माध्यम है। वर्तमान समय में प्रत्येक बालक एवं बालिका को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण प्राप्त करना चाहिए। खेल युवाओं को नशे एवं सामाजिक बुराइयों से दूर रखकर सकारात्मक दिशा प्रदान करते हैं।' उन्होंने खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### 80 खिलाड़ियों ने भाग लिया

प्रतियोगिता में जिले की विभिन्न अकादमियों से आए लगभग 8 खिलाड़ियों ने भाग लिया। खिलाड़ियों ने अपने-अपने आयु एवं वजन वर्ग में शानदार मुकाबले प्रस्तुत किए। कई मुकाबले अंतिम क्षणों तक रोमांचक बने रहे, जिससे उपस्थित दर्शकों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन तालियों की गड़गड़ाहट से किया। समापन समारोह में विभिन्न वर्गों के विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को पदक, ट्रॉफी एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।



## एफआईआर होने के बाद भी नहीं हो रही कार्यवाही

**नवभारत, जबलपुर।** खमरिया थाना अंतर्गत इंद्रावास कालोनी लालमाटी, उमरिया में दो दिन पहले मारपीट, आगजनी के प्रयास के बाद भी आरोपी पर अभी तक पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई है। परिजनों ने पुलिस के आला अफसरों से मांग की है कि सुरेंद्र सिंह ठाकुर के खिलाफ जल्द से जल्द सख्त कार्रवाई की जाए।

विदित हो कि आशा वंशकार के घर के आंगन में 12 जून को शाम 7:30 बजे उनके दामाद सुरेन्द्र सिंह ठाकुर ने गाली-गलौज, मारपीट एवं आगजनी का प्रयास किया था । आशा की बेटी कविता वंशकार ने जनवरी 226 में सुरेन्द्र से प्रेम विवाह किया था, जिसके बाद वह दोनों आशा के पड़ोस में रहते थे। सुरेन्द्र आशा को छोटी-छोटी बातों को लेकर परेशान करता था और मारपीट करता था, जिससे तंग आकर कविता ने घर छोड़ दिया और वह आशा के साथ आकर रहने लग गई, वह गर्भवती है उसका आखिरी महीना चल रहा है। हद तो तब पर हो गई जब सुरेन्द्र ने शाम को आशा के आंगन में आकर गाली-गलौज करना शुरु कर दिया, जब कविता ने उसे गाली देने से मना किया तो उसने कविता के साथ लात-घूसो से मारपीट की जिससे कविता की पीठ और बायें हाथ पर गंभीर चोटें आईं। बताया जा रहा है कि आरोपी का वीडियो भी परिजनों ने पुलिस के समक्ष प्रस्तुत किया है बावजूद इसके लिए उसके खिलाफ पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की है। आलम ये है कि परिजन अब डर के साये में रहने मजबूर हो गए हैं। परिजनों का कहना है खमरिया पुलिस ने एफआईआर तो दर्ज की है लेकिन उसे गिरफ्तार नहीं किया गया है।

## हैंडबॉल प्रीमियर लीग प्रतियोगिता आज से

**जबलपुर नवभारत।** 26वीं हैंडबॉल प्रीमियर लीग प्रतियोगिता का आयोजन सनातन धर्म पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल, हाथीताल में 15 जून से होने जा रहा है। इस प्रतियोगिता में शहर के विभिन्न खेल प्रांगणों में आयोजित प्रशिक्षण शिविर से हैंडबॉल की 8 बालक एवं 6 बालिका टीम भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता लीग-कम-नॉकआउट पद्धति पर खेली जाएंगी। इसका उद्देश्य नवोदित खिलाड़ियों को हैंडबॉल की आगामी खेल प्रतियोगिताओं के लिए एक उचित मंच प्रदान करना है, जिससे कि वह अपने खेल को और अधिक निखार ला सके।



# प्रबुद्धजनों ने की केंद्रीय मंत्री ने भेंट

**नवभारत,जबलपुर।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग, इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितिन प्रसाद एवं प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने जस्टिस श्री धर्माधिकारी के आवास पर प्रबुद्धजन संपर्क अभियान के तहत भेंट की। इसके बाद विधायक डॉ. अभिलाष पांडे के होमसाइंस कॉलेज रोड स्थित कार्यालय सेवा सदन में मंत्री श्री प्रसाद एवं मंत्री श्री सिंह ने भेंट करते हुए सर्वप्रथम गौमाता का पूजन-अर्चन करते हुए गुड़ चना खिलाए। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री ने कार्यकर्ताओं से भेंट



कर आत्मीय संवाद किया। इस दौरान सांसद आशीष दुबे, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, नगर निगम अध्यक्ष रिंकुंज विज, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी परांजपे, भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, भाजपा नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## बिना लाइसेंस बीज बेच रहे व्यापारी की दुकान सील

**डिंडोरी, नवभारत 14 जून।** खरीफ वर्ष 226 को दृष्टिगत रखते हुए कृषि विभाग द्वारा जिले में खाद, बीज एवं कीटनाशक विक्रय केंद्रों का सघन निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। उपसंचालक कृषि एवं अनुज्ञप्ति अधिकारी संजय दोशी के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय निगरानी दल एवं विकासखंड स्तरीय निरीक्षण दल लगातार औचक निरीक्षण एवं छापामार कार्रवाई कर रहे हैं। इसी क्रम में कृषि विभाग की टीम ने अमरपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम सक्का में संचालित निजी प्रतिष्ठान अबिंका ट्रेडर्स का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि संस्थान द्वारा बिना वैध लाइसेंस के बीज का विक्रय किया जा रहा था। गंभीर अनियमितता पाए जाने पर गठित दल ने मौके पर उपलब्ध बीज का जप्ती पंचनामा तैयार किया तथा कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए दुकान को सील कर दिया।

### अनियमितताओं पर की गई कार्रवाई

निरीक्षण दल द्वारा कृषि साख सहकारी समिति सक्का एवं अमरपुर का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाई गई अनियमितताओं पर संबंधित संस्थाओं को नोटिस जारी कर आवश्यक कार्रवाई की गई।

### अभियान लगातार जारी रहेगा

कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि किसानों को गुणवत्तापूर्ण एवं प्रमाणित कृषि आदान सामग्री उपलब्ध कराने तथा अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से यह अभियान लगातार जारी रहेगा। नियमों का उल्लंघन करने वाले विक्रेताओं के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# नीट पेपर लीक पर रांझी कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि



**नवभारत, जबलपुर।** रांझी मेन रोड स्थित दर्शन तिराहे पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी रांझी के संयोजन व चंद्रशेखर वार्ड मंडलम अध्यक्ष नारायण गुप्ता के नेतृत्व में एक भावभीनी श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। यह आयोजन नीट परीक्षा में कथित अनियमितताओं और पेपर लीक प्रकरण को लेकर उपजे भारी जन-आक्रोश के बीच हुआ, जिसमें कांग्रेसियों व क्षेत्रीय नागरिकों ने परीक्षा तनाव के कारण जान गंवाने वाले मासूम छात्रों को श्रद्धांजलि दी। वक्ताओं ने कहा कि लाखों छात्रों के भविष्य से जुड़े इस गंभीर मामले ने शिक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं और सरकार जवाबदेही से बचकर युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है।

### मौन रखकर निष्पक्ष जांच की मांग

इस दौरान उपस्थित लोगों ने मृत विद्यार्थियों की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धासुमन अर्पित किए और निष्पक्ष जांच व दोषियों पर कड़ी कार्रवाई मांगी। इस अवसर पर नारायण प्रसाद गुप्ता, आशुतोष वत्स, रविंद्र कुशवाहा, जग्गू विश्वकर्मा, आदित्य मिश्रा, निर्मल चंद जैन, राजेंद्र मिश्रा, नेम सिंह, रमेश मोहित, सोनू गुप्ता, मनीष बेन, मनोज लोधी, राजू कनौजिया, मनोज लोधी, चंदन चौधरी, मोहन सिंह, सौरभ यादव, अनिल सोनकर, के.के. मिश्रा, राजेश श्रीवास, संजू ठाकुर, गोविंद चौधरी, देवेंद्र लखेरा, बंटी मारुति, कमलेश चौधरी, राहुल चौधरी, गोविंद चौधरी, हुकुमचंद जैन और ईश्वरी पटेल सहित रांझी ब्लॉक कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता व नागरिक उपस्थित रहे।

# जगद्गुरू शंकराचार्य स्वामी का जबलपुर में स्वागत

**नवभारत,जबलपुर।** शिचमाम्नाय द्वारकाशारदापीठाधीश्वर जगद्गुरू शंकराचार्य स्वामी श्री सदानन्द सरस्वती महाराज का पादुका पूजन-अर्चन कर भव्य स्वागत किया गया।

महाराज श्री का कल शाम अहमदाबाद से जबलपुर आगमन हुआ । श्री बगुलामुखी सिध्द पीठ सिविक सेन्टर में महाराज श्री का भक्त जनों द्वारा पुष्प माला से भव्य स्वागत अभिनंदन कर किया गया । इसके बाद ब्रम्हचारी चैतन्यानंद ने पं.राजेश दुबे तनिष्क त्रिपाठी आदित्य उपाध्याय से महाराज श्री का पादुका पूजन-अर्चन कराया गया । महाराज श्री आशीर्वाद प्रदान करते हुए कहा कि सनातन धर्म में



वेदों की प्रमाणों की आवश्यकता नहीं होती वेदों शिक्षा आज की पीढी के लिए आवश्यक है । शासन ने स्नातक स्तर पर गीता और वेदान्त जैसे विषयों को शामिल करने का अच्छा निर्णय लिया है, इससे युवा सनातन परम्परागत शिक्षा का कुछ अध्धयन कर सकेंगें।

उक्त अवसर पर मध्यप्रदेश शासन साहित्य अकादमी से अखिल भारतीय पुरस्कार प्राप्त आचार्य कौशल दुबे एंव प्रो.शिवकुमार व्यास ने महाराज श्री से आशीर्वाद प्राप्त किया । इस दौरान शरद चंद्र पालन, पं.राजेश दुबे,आचार्य आशुतोष दीक्षित डॉ.अभिजात कृष्ण त्रिपाठी , डॉ उदयभानु तिवारी,सुरेश मिश्र विचित्र, यू.एस दुबे,आदि बड़ी संख्या मे गुरु भक्त उपस्थित रहे

# 1 जुलाई को होगा गौरव शिखर सम्मान समारोह

▸ प्रतिवर्ष आयोजित करने का प्रस्ताव है : अशोक रोहाणी

**नवभारत, जबलपुर।** पूर्व विधानसभा अध्यक्ष दादा ईश्वर दास रोहाणी की पुण्य स्मृति में 1 जुलाई 226 को मानस भवन, जबलपुर में राज्यस्तरीय 'गौरव शिखर सम्मान 226' आयोजित होगा। विधायक अशोक रोहाणी ने बताया कि यह गरिमामय व प्रेरणादायी कार्यक्रम सबके सहयोग से सफल बनाया जाएगा और इसे प्रतिवर्ष आयोजित करने का प्रस्ताव है। समारोह में उत्कृष्ट योगदान देने वाले प्रबुद्ध जनों को 12 श्रेणियों- सनातन ज्ञान (ब्राह्मण क्षेत्र), कर्मयोगी (समाज सेवा), नारी शक्ति, संस्कार (संस्कृति), दादा ईश्वरदास रोहाणी स्मृति युवा प्रेरणा, ज्ञान ज्योति (शिक्षा), उद्योग, संजीवनी (चिकित्सा), कलम वीर (पत्रकारिता), वीरता (सेवानिवृत्त अधिकारी), न्याय सेवा (विधि) और अमृत गौरव (लाइफ टाइम अचीवमेंट) में सम्मानित किया जाएगा।

### तैयारियों को लेकर समिति की बैठक

तैयारियों को लेकर लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह की अध्यक्षता में आयोजन समिति की बैठक हुई। इसमें महापौर जगत बहादुर सिंह, हाईकोर्ट के पूर्व न्यायमूर्ति एच. पी. सिंह, विधायक अशोक रोहाणी, जेडीए अध्यक्ष संदीप जैन, भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर और ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल उपस्थित रहे।

## 27 हितग्राहियों को मिला शासन की योजनाओं का लाभ

**डिंडोरी, नवभारत 14 जून।** कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया के निर्देशन में नगर परिषद डिंडोरी परिसर में 12 से 14 जून तक आयोजित जन कल्याण शिविर का रविवार को सफलतापूर्वक समापन हुआ। समापन अवसर पर विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को हितलाभ एवं स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। प्रधानमंत्री आवास योजना के 12, नवीन नल कनेक्शन के 6, पीएम स्वनिधि योजना के 6, पात्रता पर्ची के 2 तथा संबल अनुग्रह सहायता योजना के 1 हितग्राही को लाभ प्रदान किया गया। इस प्रकार कुल 27 हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनप्रतिनिधियों ने कहा कि शासन द्वारा आयोजित जन कल्याण शिविरों का उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निराकरण करना तथा पात्र हितग्राहियों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है।

बैठक | आगामी रूपरेखा तय कर बिंदुवार निर्णय लिए गए

# स्वतंत्रता संग्राम परिवार प्रकोष्ठ की बैठक आयोजित




**नवभारत, जबलपुर।** गांधी भवन टाउन हॉल में स्वतंत्रता संग्राम परिवार प्रकोष्ठ की बैठक प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज नामदेव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसमें आगामी रूपरेखा तय कर बिंदुवार निर्णय लिए गए। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अजय नारायण सितलानी को भोपाल मुख्यालय में जबलपुर के स्वतंत्रता सेनानी वंशजों व उत्तराधिकारियों की नगर एवं जिला कार्यकारिणी के दस्तावेजों की सूची भेजकर जल्द नियुक्तियों की घोषणा कराई जाएगी। साथ ही, प्रति माह होने वाला राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रीय गायन का आयोजन 1 जुलाई को सुबह 10 बजे पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की प्रतिमा स्थल, सिविक सेंटर मढ़ाताल में होगा। बैठक का संचालन नगर संगठन मंत्री पवन सोनी ने किया।

### धरोहर बचाने का संकल्प

बैठक में सेनानियों के वाचनालय कार्यालय पर एकतरफा कब्जे की घोर निंदा की गई। वक्ताओं ने पूर्वजों की ऐतिहासिक धरोहर की रक्षा के लिए कदम उठाने और शीघ्र कार्यालय खुलवाने का संकल्प लिया। इसमें राजेन्द्र रज्जू सराफ, नारायण शर्मा, केशव प्रसाद चौरसिया, एड. प्रकाश गौलछा, अनिल गुप्ता, सौरभ राजनेकर, संजू सिंह ठाकुर, योगेन्द्र मालवीय, पं. आशीष प्यास, निर्मल जैन, आशीष जैन, ओमप्रकाश शर्मा, चुन्नी लाल नीखरा, प्रीति चौधरी, आशा मालवीय, अशोक यादव, श्याम सोलंकी, विष्णु विनोदिया, विनय जैन, ओमप्रकाश जयसवाल, मदन मोहन राय, अलकेश गुप्ता, पवन सोनी, वी. हनुमंत राव, राजेश नामदेव, अरुण राजनेकर और गणेश प्रसाद केशवानी उपस्थित रहे।